भारत सरकार

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2852.

10.07.2019 को उत्तर देने के लिए

संवहनीय विकास लक्ष्य

2852. डॉ. अमर सिंह:
डॉ. सुकान्त मजूमदार:
श्री राजा अमरेश्वर नाईक:
श्री विनोद कुमार सोनकर:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने संवहनीय विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की निगरानी के लिए राष्ट्रीय सूचकांक फ्रेमवर्क (एनआईएफ) अनुमोदित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारत संवहनीय विकास लक्ष्यों के अंतर्गत लक्ष्यों को पूरा करने में पिछड़ रहा है;

(घ) यदि हां, तो एसडीजी के अंतर्गत निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों को पूरा करने में भारत की प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (रॉव इंद्रजीत सिंह)

(क) और (ख): मंत्रालय ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की निगरानी के लिए विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के परामर्श से 306 संकेतकों वाला एक राष्ट्रीय संकेतक ढांचा (एनआईएफ) विकसित किया है।

(ग), (घ) और (ड.): सरकार ने "सतत विकास लक्ष्य राष्ट्रीय संकेतक ढांचा बेस-लाइन रिपोर्ट 2015-16" प्रकाशित की है, जो सतत विकास लक्ष्यों के तहत विभिन्न ध्येयों को प्राप्त करने में देश द्वारा की गई प्रगति की निगरानी के लिए एक बेंचमार्क उपलब्ध कराती है। नीति आयोग सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन की देखरेख करने के लिए जिम्मेदार है और उसने सतत विकास लक्ष्य की विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की मैंपिंग की है।

*****